गाजियाबाद विकास प्राधिकरण

विकास पथ गाजियाबाद

(ISO 9001 :2015 एवं ISO 14001 :2015 प्रमाणित संस्था)

सार्वजनिक सूचना

एतद्वारा जन–साधारण को सूचित किया जाता है कि शासनादेश संख्या–1/1169492/2025/8–3099/310/2025 दिनांक 10.12.2025 के अनुसार उत्तर प्रदेश नगर नियोजन एवं विकास अधिनियम, 1973 की धारा 51 की उपधारा (1) में प्रदत्त शक्तियों के अधीन मा० मुख्यमंत्री शहरी विस्तारीकरण/नये शहर प्रोत्साहन योजना हेतु विकास प्राधिकरण के स्वामित्व की भूमि को महायोजना में दर्शित 'कृषि' भू–उपयोग से 'आवासीय' में भू–उपयोग परिवर्तन के लिए उ०प्र० नगर योजना और विकास अधिनियम, 1973 की धारा–13 के अन्तर्गत महायोजना/क्षेत्रीय विकास योजना में भू–उपयोग परिवर्तन की शासन की शक्तियों का प्रतिनिधायन विकास प्राधिकरण बोर्ड के दृष्टिगत गाजियाबाद विकास प्राधिकरण की नई आवासीय योजना 'हरनन्दीपुरम' में प्रस्तावित 501.2173 हे0 में से प्रथम चरण के तलपट मानचित्र की कार्यवाही हेतु ग्राम भोवापुर एवं शाहपुर निज मोरटा की भू–अर्जन अनुभाग द्वारा अधिग्रहीत की गयी 47.1612 हे0 भूमि में से 24.1213 हे0 भूमि का गाजियाबाद, मोदीनगर एवं लोनी महायोजना–2031 में 'कृषि' भू–उपयोग से 'आवासीय' भू–उपयोग में परिवर्तन किये जाने के सम्बन्ध में प्राधिकरण बोर्ड की 173वीं बैठक दिनांक 21.08.2026 में लिये गये निर्णय के अनुपालन में उ०प्र० नगर योजना एवं विकास अधिनियम, 1973 की धारा–13 के अन्तर्गत जनसामान्य से दिनांक 26.08.2026 से 09.09.2026 तक आपत्ति/सुझाव आमंत्रित किए गए। उक्त निर्धारित अवधि में कोई आपत्ति/सुझाव प्राप्त नहीं हुए। तदक्रम में प्राधिकरण बोर्ड की 174वीं बैठक दिनांक 24.09.2026 में उक्त प्रस्ताव पर अन्तिम अनुमोदन प्रदान किया गया है।

तदक्रम में गाजियाबाद विकास प्राधिकरण की नई आवासीय योजना 'हरनन्दीपुरम' में प्रस्तावित 501.2173 हे0 में से प्रथम चरण के तलपट मानचित्र की कार्यवाही हेतु ग्राम भोवापुर एवं शाहपुर निज मोरटा की भू–अर्जन अनुभाग द्वारा अधिग्रहीत की गयी 47.1612 हे० भूमि में से 24.1213 हे० भूमि का गाजियाबाद, मोदीनगर एवं लोनी महायोजना–2031 में 'कृषि भू–उपयोग से 'आवासीय' भू–उपयोग में परिवर्तन/संशोधन किया जाता है।

सचिव

ई-मेल : helplinegda@gmail.com, @Gda Ghaziabad : gdagzb

हेल्पलाईन नं: 0120-4418384 व्हाट्सएप : 9990988004, वेबसाईट : www.gdaghaziabad.in

एक सुन्दर शहर ..... हमारा संकल्प